सं०सं०–टी०–02–नामां० (प्रशि०)–28 / 2024 ................/

बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), बिहार, पटना।

प्रेषक,

निदेशक
नियोजन एवं प्रशिक्षण
बिहार, पटना।

सेवा में,

निदेशक
सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग
सूचना भवन, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–............................./

विषयः– विदेशी भाषा पाठ्यक्रम (जापानी, फ्रेंच, स्पैनिश एवं जर्मन) में प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षकों के चयन से संबंधित सूचना / विज्ञापन के प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि राज्य के औ० प्र० संस्थानों में विदेशी भाषा पाठ्यक्रम (जापानी, फ्रेंच, स्पैनिश एवं जर्मन) में प्रशिक्षण प्रारंभ करने हेतु योग्य प्रशिक्षकों की तलाश किये जाने हेतु सूचना / विज्ञापन का प्रकाशन किया जाना है। इससे संबंधित सूचना को राज्य के दैनिक एवं राजकीय समाचार पत्रों एवं राष्ट्रीय स्तर के आर्थिक विषय के समाचार पत्रों में प्रकाशित किये जाने की आवश्यकता है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न विज्ञापन को राज्य स्तरीय दैनिक (हिन्दी एवं अंग्रेजी) समाचार पत्रों, राष्ट्रीय स्तरीय दैनिक (हिन्दी एवं अंग्रेजी) समाचार पत्रों एवं इकोनोमिक टाईम्स जैसे आर्थिक समाचार पत्रों में लगातार तीन दिनों तक प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक– उक्त विज्ञापन सामग्री 04 प्रति में।
सी० डी०–01 अदद

विश्वासभाजन

ह० / –
निदेशक
नियोजन एवं प्रशिक्षण
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– टी०–02–नामां० (प्रशि०)–28 / 2024 1706 / पटना, दिनांक–04-07-2025

प्रतिलिपिः–आई०टी० मैनेजर, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
नियोजन एवं प्रशिक्षण
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– टी०–02–नामां० (प्रशि०)–28 / 2024 ................/ पटना, दिनांक–......................./

प्रतिलिपिः– श्री घनश्याम रविदास, श्रम अधीक्षक (निर्माण श्रमिक)–सह–नोडल पदाधिकारी, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त सूचना / विज्ञापन को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार, पटना को e-advertisement Portal के माध्यम से ऑनलाईन प्रेषित की जाय।

ह० / –
निदेशक
नियोजन एवं प्रशिक्षण
बिहार, पटना।

K-409

**बिहार सरकार**
**श्रम संसाधन विभाग**
**निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), बिहार, पटना**

**राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विदेशी भाषा (जापानी, फ्रेंच, जर्मन एवं स्पैनिश) में प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षकों के चयन के निमित्त विज्ञापन/सूचना**

एतद द्वारा राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विदेशी भाषा (जापानी, फ्रेंच जर्मन एवं स्पैनिश ) में प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षकों के चयन के निमित्त विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं–

1– 02 **जापानी भाषा, 02 फ्रेंच भाषा,** 02 **जर्मन भाषा एवं 02 स्पैनिश भाषा।**

2–शैक्षणिक योग्यता

| S. No. | Langage | Number of Trainers | Minimum Eligibilty |
|---|---|---|---|
| 1 | Japanese | 02 | Graduate (Hons) and N3 Level Certificate in Japanese Language (Desirable:- Japanese Language Teachers Training Course A [360 hours]) |
| 2 | French | 02 | Graduate (Hons) and DELF B1 [Diploma in French Language] or Bachelor Degree or higher degree in French Language or Graduation and Advance Diploma in French Language from recognized university. |
| 3 | German | 02 | Graduate (Hons) and Gothe B1 or Graduate (Hons) and Higher Degree in German Language A or Graduate and Advance Diploma in German Language from recognized University |
| 4 | Spanish | 02 | Graduate (Hons) and DELF B1 [Diploma in Spanish Language] or Bachelor Degree or higher degree in Spanish Language or Graduation and Advance Diploma in Spanish Language from recognized university. |

संबंधित भाषा में प्रशिक्षण देने में अनुभवी उम्मीदवारों को उनके कार्य अवधि की गणना में प्राथमिकता दी जाएगी।

3– उम्र सीमा उम्र की गणना 01.01.2025 के आधार पर की जाएगी। न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष एवं अधिकतम उम्र 65 वर्ष होगी।

4– मानदेय–Negotiable/–

5– अनुबंध की अवधि अधिकतम 12 माह (एक वर्ष) होगी, जो आवश्यकतानुसार घटायी/बढ़ायी जा सकेगी।

6– चयन की प्रक्रिया उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार/अनुभव के आधार पर किया जायेगा, जिसकी स्वीकृति/अस्वीकृति सर्वाधिकार / एकाधिकार निदेशालय के पास सुरक्षित होगा।

7- एकरारनामा/घोषणा पत्र कक्षा प्रारंभ करने के समय उम्मीदवारों को विहित प्रपत्र में एकरारनामा/घोषणा पत्र समर्पित करना होगा।

8– आवेदन की अन्तिम तिथि आवेदन दिनांक 21 जुलाई, 2025 तक निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, नियोजन भवन, चतुर्थ तल, बेली रोड, पटना–800001 के पते पर जमा किया जा सकेगा। आवेदक निबंधित डाक द्वारा ही निदेशालय में आवेदन भेजें।

9– निर्धारित तिथि के बाद या अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

Note:- For more details of advertisement please visit departmental website: https://state.bihar.gov.in/labour/and Departmental Toll Free no-18002965656

03/07/25

निदेशक
नियोजन एवं प्रशिक्षण,
बिहार, पटना।

K-238

## आवेदन का विहित प्रपत्रः

Photo

1– आवेदित विदेशी भाषा का नाम
2– आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी एवं अंग्रेजी में)–
3– पिता/पति का नाम–
4– आवेदक का लिंग– पुरुष / महिला
5– जन्म तिथि–
6–01.01.2025 को उम्र–
7– पत्राचार का पता–
8– स्थायी पता–
9– गृह जिला / राज्य–
10– शैक्षणिक योग्यता

| क0सं0 | शैक्षणिक योग्यता | विद्यालय / संस्थान का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | परीक्षा उत्तीर्णता का वर्ष | श्रेणी | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10th | | | | | | |
| 2 | 12th | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | | |
| 5 | अन्य | | | | | | |

11– अन्य वांछनीय योग्यता यदि (कोई हो, तो)–
12– विदेशी भाषा में प्रशिक्षण देने का कुल अनुभव–

घोषणाः– एतद द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैं भारत का नागरिक हूँ जहाँ तक मेरी जानकारी और विश्वास है इस आवेदन पत्र की प्रविष्टियाँ सच्ची, पूरी और सही है। मैंने विज्ञापन तथा निर्देश के उपबंधों को ध्यान पूर्वक पढ़ लिया है और में एतद् द्वारा उनके पालन का बचन देता/देती हूँ। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मैं उक्त विज्ञापन के लिए निर्धारित आयु सीमा, शैक्षणिक/कार्य अनुभव आदि से संबद्ध पात्रता के सभी शर्तों को पूरा करता/करती हूँ उम्मीदवारों के लिए अंकित सभी प्रमाण पत्र मेरे पास हैं जिसे साक्षात्कार के पूर्व अथवा उसके बाद जब उनकी मांग की जाएगी, तब मैं उन्हें उपलब्ध कराउँगा/कराउँगी अन्यथा मेरी उम्मीदवारी रद्द समझी जाएगी। यदि कोई सूचना झूठी या गलत पायी जाए या बाद में अपात्रता का पता चल जाए तो सरकार मेरी उम्मीदवारी रद्द करने के साथ–साथ मेरे विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर सकती है।

उम्मीदवार का पूरा हस्ताक्षर

स्थान एवं दिनांक–

K-239

नोटः– (i) आवेदक संबंधित कॉलम को पूर्ण रुप से यथा स्थान भरें। कोई कॉलम को खाली नही छोड़ें।

(ii) आवेदन के साथ वांछित प्रमाण पत्र यथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर का मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र, विदेशी भाषा में प्रशिक्षण देने का अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

(iii) आवेदक स्वयं हस्तलिपि में आवेदन भरें।

(iv) निर्धारित अंतिम तिथि 25/07/2025 के सायं 6:00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा प्राप्त आवेदन पत्र ही स्वीकार्य होगा। डाक के कारण विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। इसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेवार होंगे।

(v) विभागीय वेब साईट https://state.bihar.gov.in/labour/ पर भी देखा जा सकता है।

(vi) साक्षात्कार में शामिल होने हेतु किसी भी अभ्यर्थी को कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(vii) अभ्यर्थियों का चयन उनके आवेदन, आयु, शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव, साक्षात्कार आदि पर किया जाएगा।

(viii) अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के दिन सभी दस्तावेजों की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा।

(ix) राज्य निदेशालय को इस **विज्ञापन को किसी भी समय** रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

(x) अधूरा आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

K-240